यदि काम पर कुछ गलत महसूस होता है या आपकी वीज़ा शर्तों का पालन नहीं किया जा रहा है, तो आपको यह करना चाहिए

# कार्यस्थल पर शोषण की रिपोर्ट कैसे करें

हिंदी

## सुनिश्चित नहीं हैं कि इन वीज़ा सुरक्षा उपायों तक कैसे पहुँचें?

किसी यूनियन, कानूनी केंद्र या प्रवासी सहायता सेवा से पूछें।

---

MIGRANT WORKERS CENTRE

MIGRANT WORKERS CENTRE
(03) 7009 6710
MIGRANTWORKERS.ORG.AU

This material was developed with funding from the Australian Government.

MIGRANT WORKERS CENTRE

## वीज़ा की सुरक्षा

ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने उन अस्थायी वीज़ा धारकों के लिए नई सुरक्षा शुरू की है जिन्होंने कार्यस्थल पर शोषण का अनुभव किया है। ये सुरक्षा उपाय वीज़ा रद्द होने के डर के बिना शोषण की रिपोर्ट करने में आपकी मदद करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

यह **वर्कप्लेस जस्टिस वीज़ा** के बारे में एक महत्वपूर्ण जानकारी है। ऑस्ट्रेलिया सरकार ने इसे उन अस्थायी वीज़ा धारकों की मदद के लिए पेश किया है जो काम के दौरान शोषण का शिकार हुए हैं।

**स्ट्रेंथनिंग रिपोर्टिंग प्रोटेक्टन्स** (SRP) एक संघीय पहल है जो अस्थायी वीज़ा धारकों को वीज़ा रद्द होने से बचाती है यदि वे कार्यस्थल पर शोषण की रिपोर्ट करते हैं। यह श्रमिकों को बिना किसी डर के अपनी बात रखने की अनुमति देता है, भले ही उन्होंने अपने वीज़ा की किसी शर्त का उल्लंघन किया हो।

**1** **अपने सहकर्मियों से बात करें:**

अपने कार्यस्थल पर अपने सहकर्मियों से पूछें कि क्या आपके नियोक्ता द्वारा उनका भी शोषण किया जा रहा है।

**2** **रिकॉर्ड रखें:**

ट्रैक करने के लिए एक नोटबुक का इस्तेमाल करें:

- काम किए गए घंटे
- शिफ़्ट शुरू/समाप्त होने का समय
- विश्राम का समय (ब्रेक)
- प्राप्त वेतन (नकद या अन्य)
- कोई भी अनुचित व्यवहार (तारीख, समय, स्थान, और कौन-कौन उपस्थित थे)

**3** **जांचकर्ताओं के साथ सहयोग करें:**

यदि फ़ेयर वर्क ओम्बुड्समैन या यूनियन कर्मचारी आपके कार्यस्थल पर आते हैं, तो सहयोग करें। यदि ज़रूरी हो तो आप अपने उनसे कार्यस्थल के बाहर मिलने के लिए कह सकते हैं।

**4** **रिपोर्ट करने के लिए चेकलिस्ट तैयार करें:**

- आपके नियोक्ता का ABN, कानूनी/व्यापारिक नाम
- रोज़गार शुरू होने की तिथि
- अवार्ड या एंटरप्राइज एग्रीमेंट (यदि लागू हो)
- पे-स्लिप, चालान (इनवॉइस), रोज़गार का अनुबंध
- कोई भी संबंधित मैसेज या ईमेल

**!** Contact an organisation who can provide you with employment law advice. If you are not sure how to access these visa protections, contact a union, community legal centre, or migrant support service.

## शोषण या गैर-अनुपालन के संकेत

- कम भुगतान मिलना
- वीज़ा शर्तों का उल्लंघन करने का दबाव
- यौन उत्पीड़न या ज़बरदस्ती
- आपका वीज़ा रद्द करने की धमकियां
- निवास की खराब स्थिति
- आपका पासपोर्ट आपसे छीन लेना